CENTRE OF EXCELLENCE

GOVERNMENT COLLEGE SANJAULI,

SHIMLA-06

{NATIONAL SERVICE SCHEME}

A Report on

Mission Gyanodaya

दिनांक 4 जुलाई 2022

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली एनएसएस इकाई के स्वयंसेवी हर्ष ठाकुर और मुकेश वर्मा ने राजकीय(बाल) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिमला में छात्रों को मिशन ज्ञानोदय के बारे में बताया। हर्ष ठाकुर ने छात्रों से अपील की कि इस मिशन से जुड़ कर वे जरूरतमंद विद्यार्थियों के जीवन में ज्ञान का दीपक जला सकते हैं।

विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी इस मिशन की सराहना की तथा स्वयं भी पुस्तकें दान करने का आश्वासन दिया। संजौली महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर कामायनी वशिष्ट जी और डॉक्टर विकास नाथन जी ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि हमारे स्वयंसेवी अवकाश के दिनों में भी निस्वार्थ भाव से समाज के लिए कार्य कर रहे हैं।

•दिनांक :- 21 जुलाई 2022

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास नाथन जी द्वारा मिशन ज्ञानोदय के अंतर्गत 300 पुस्तकें दान की गई।

दिनांक :-27 जुलाई 2022

संजौली महाविद्यालय से शुरू हुआ मिशन ज्ञानोदय पूरे प्रदेश में फैला रहा है ज्ञान का प्रकाश।

SDM घुमारवीं राजीव ठाकुर तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर से मिशन ज्ञानोदय पर आज चर्चा की गई।

उन्हें मिशन ज्ञानोदय से अवगत करवाया गया। उन्होंने मिशन ज्ञानोदय के लिए बचत भवन घुमारवीं का एक हिस्सा देने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा की ये काफी अच्छा मिशन है आप इसमें जरूर कामयाब होंगे। इसके लिए आप मेहनत कीजिए। और स्वामी विवेकानन्द कॉलेज घुमारवीं की लाइब्रेरी के साथ बात करने को कहा । मिशन ज्ञानोदय के लिए फंड दिलवाने की भी बात कही ।

Reported By :-

NITESH NIRANJAN AND UPASANA

1ST YEAR